तापमान

अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025



11 एकता कॉलोनी की गली का काम महीनों से बंद ...





12 वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान चुने गए विकास गोयल




**खबर संक्षेप**

### नवांगतुक छात्रों के लिए दीक्षारम्भ उत्सव आज से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 11 से 13 अगस्त तक स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में नव प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ उत्सव आयोजित किया जाएगा। डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने बताया कि दीक्षारम्भ उत्सव के प्रथम दिन कुलगुरु राजबीर सिंह नवांगतुक विद्यार्थियों को दीक्षा देंगे। यूजीसी के पूर्व चेयरपर्सन और प्रतिष्ठित शिक्षाविद प्रो. वेद प्रकाश प्रथम दिन मुख्य वक्ता के तौर पर युवाओं जीवन में आगे बढ़ने की को प्रेरणा देंगे। यूएन वूमेन इंडिया में राष्ट्र प्रतिनिधि कांता सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह कार्यक्रम टैगोर सभागार में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होगा।

### इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी करने का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी की वारदात को हल करते हुए वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना शिवाजी कॉलोनी निरीक्षक राकेश सैनी ने बताया कि शिवनगर, भिवानी चुंगी रोहतक निवासी धर्मबीर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 4 जुलाई 2025 को धर्मबीर को अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी हुई मिली। मामले की जांच सुशील द्वारा की गई। जिसके बाद आरोपी देवाशिष निवासी गांव परहावर को गिरफ्तार किया गया है।

### 72 हजार की ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने 72 हजार रुपये की ठगी की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। थाना सदर निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव चमारिया निवासी सुमन की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच मे सामने आया कि 5 मई 2025 को सुमन के पास फोन आया कि वह उसके पति सतेन्द्र के साथ काम करता है और उसके पति सतेन्द्र ने आपके खाते में 4 हजार रुपये भेजने बारे कहा है। युवक ने सुमन के पास 40 हजार रुपये का संदेश भेजा। युवक ने फोन कर कहा कि उसने गलती से 4 हजार रुपये की जगह 40 हजार रुपये भेज दिये।

### ककराना ने जरूरतमंद बेटी की 1 लाख मदद की

**कलानौर।** गांव ककराना ने गांव की बेटी सोहनी की एक लाख रुपए से आर्थिक मदद की। गांव के सामाजिक कार्यकर्ता रामबीर ककराना ने बताया की गांव ककराना निवासी कालू की बेटी सोहनी की शादी हिसार जिले के बास गांव में हुई। दो साल तक सब कुछ ठीक रहा। सोहनी के पति की अचानक तबीयत ख़राब हो गई।

# निगम की बैठक में खाली रहीं मेयर के साथ वाली 4 कुर्सियां, सीवरेज-जलभराव को लेकर माहौल रहा गरम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम हाउस की बैठक रविवार को जिला विकास भवन में आयोजित की गई, लेकिन यह बैठक एक बार फिर सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के बिना ही हुई। इससे पहले हुई दो बैठकों में भी ये दोनों महत्वपूर्ण पद खाली रहे थे। खास बात यह रही कि बैठक में कांग्रेस के तीन विधायक और एक सांसद भी शामिल नहीं हुए। बैठक के लिए मेयर के पास वाली चार कुर्सियां सांसद दीपेंद्र हुड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढ़ी सांपला किलोई के विधायक भूपेंद्र हुड्डा, विधायक भारत भूषण बतरा और कलानौर विधायक शकुंतला खटक के लिए आरक्षित थी, लेकिन इनमें से कोई भी प्रतिनिधि नहीं पहुंचा, जिसके चलते ये चारों कुर्सियां खाली रहीं। बैठक शुरू होते ही पार्षदों ने अपनी-अपनी समस्याओं को सामने रखना शुरू कर दिया। किसी ने सीवरेज लाइन की सफाई न होने की शिकायत की, तो किसी ने कचरे के समय पर न उठने का मुद्दा उठाया। इस दौरान देखा गया कि जिन एजेंडों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई थी, उनसे पार्षद अलग-अलग मुद्दों पर भटकते नजर आए। मेयर के साथ निगम आयुक्त और अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान 18 कमेटियों का भी गठन किया गया।



**रोहतक।** नगर निगम हाउस की बैठक लेते मेयर राम अवतार बाल्मीकि व निगम आयुक्त डॉ आनंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** निगम हाउस की मीटिंग में अपनी बात रखते पार्षद डिंपल जैन।



**रोहतक।** निगम हाउस की मीटिंग में अपनी बात रखते पार्षद बिजेंद्र हुड्डा।



**रोहतक।** निगम हाउस की मीटिंग में पक्ष रखते मनोनित पार्षद रमेश बोहर।



**रोहतक।** निगम हाउस की मीटिंग में अपनी बात रखते पार्षद रिंकू।

### सीवरेज सिस्टम की खामियां हो दूर

कांग्रेस के पार्षद परीक्षित देशवाल ने कहा कि शहर में सीवरेज की लाइनें तो डाली गई हैं, लेकिन उनकी नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिसके कारण बरसात के दिनों में लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी मुद्दे पर पार्षद डिंपल जैन ने भी अधिकारियों को घेरा और सीवरेज सिस्टम की खामियों को दूर करने की मांग की।

### मनोनित पार्षदों की ग्रांट की मांग

बैठक में पहली बार पहुंचे तीनों मनोनित पार्षदों ने भी अपनी मांगें रखीं। उन्होंने मेयर रामअवतार वाल्मीकि और नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार से एक-एक करोड़ रुपये की ग्रांट देने की मांग की, ताकि अपने-अपने वार्डों में विकास कार्य करवा सकें। इस प्रस्ताव पर हाउस ने सहमति जताई और पास किया कि तीनों मनोनित पार्षदों को यह ग्रांट दी जाएगी।

### पार्षदों की जगह बोले उनके प्रतिनिधि

इस बैठक में एक और चौंकाने वाला दृश्य देखने को मिला। कई जगह पार्षदों के स्थान पर उनके प्रतिनिधि सवाल पूछते नजर आए। कुछ मामलों में पार्षद पत्नी मौजूद थीं, लेकिन उनके स्थान पर उनके पति मेयर और कमिश्नर से सवाल करते हुए दिखाई दिए। यहां तक कि कुछ प्रतिनिधियों ने समस्याओं को साबित करने के लिए अपने मोबाइल फोन से की गई रिकॉर्डिंग भी सदन में सुनाई।

## हाउस की बैठक में इन एजेंडों पर भी लगी मुहर

1. नगर निगम, रोहतक के वर्ष 2024-25 के अनुमानीत स्वीकृत सम्पत्तिकर बजट 3500.00 लाख रुपये का लक्ष्य तय किया गया था जिसमें से 1184.00 लाख रुपये की वसूली की गई थी। निदेशालय के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में कुल स्वीकृत प्रॉपर्टी टैक्स का बजट राशि 2800.00 लाख रुपये की वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसे निगम ने 6 अगस्त 2025 तक 1270.00 लाख रुपये की वसूली की जो निर्धारित लक्ष्य के लगभग 100 प्रतिशत के बराबर है। वसूली कार्य में और अधिक तेजी लाई जाएगी। सभी सम्पत्तिकर धारकों को प्रॉपर्टी एजेन्सी को हायर करके उचित माध्यम से बकाया वसूली कार्य कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके लिए अभी तक 134952 बिल नोटिस वितरित का कार्य किया जा चुका है।

2. सम्पत्तिकर की वसूली करने हेतु कार्यालय द्वारा लगभग 500 सम्पत्तिकर बकायेदारों के बिल नोटिस जिनकी रकम 50000 रुपये से अधिक है, व्यक्तिगत रूप से नोटिस थमाये जा रहे हैं एवं उनसे सम्पर्क करके बकाया जमा करवाया जा रहा है। जिन बकायेदारों द्वारा सम्पर्क करने पर भी बकाया राशि जमा न करवाई जाए, उनके विरुद्ध कुर्की की कार्यवाही हेतु निदेशालय को अवगत करवा दिया जाएगा एवं निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

3. अभी तक कार्यालय द्वारा कुल 7 बकायेदारों की सम्पत्ति की कुर्की के नोटिस जारी किए जा चुके हैं एवं सम्पत्ति की सील कर दिया गया है जिनमें से 4 सम्पत्तिकर धारकों ने बकाया राशि जमा करवा दी है। उपरान्त उनसे राशि रूपये 25.35 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है।

4. कार्यालय द्वारा सम्पत्तिकर की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाकर सम्पत्तिकर बकायेदारों के घर पर नियामक टीम द्वारा साइट विजिट की जा रही है एवं उनके मौके पर जांच करने के अनुसार कैटेगरी अपडेट की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। जिसके आधार पर सम्पत्तिकर वसूली की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

5. कार्यालय द्वारा सम्पत्तिकर की वसूली हेतु इंडसलेंड बैंक, रोहतक द्वारा प्रदान की गई सूची के अनुसार उनके द्वारा किसी प्राइवेट एजेन्सी को सौंपे गए सम्पत्तिकर बकायेदारों का भुगतान करने की स्थिति एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय द्वारा उनसे सम्पर्क किया जा रहा है। साथ ही एआई वायस सर्विस के माध्यम से फोन कॉल के जरिए बकाया धारकों से सम्पर्क कर सम्पत्तिकर की जानकारी देने व बकाया जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उपर्युक्त कार्य की तीव्रता लाने हेतु कार्यालय द्वारा उक्त एग्रीमेंट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

6. सरकार द्वारा सम्पत्तिकर में 10 प्रतिशत छूट हेतु निर्धारित 31 जुलाई 2025 के अनुसार कार्यालय द्वारा जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से सम्पत्तिकर की वसूली में तेजी लाने हेतु विशेष कार्यवाही की सुविधा हेतु कार्यालय में 4 अतिरिक्त काउंटर स्थापित कर सम्पत्तिकर की वसूली का कार्य समय शाम 6 बजे तक की किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप सम्पत्तिकर की वसूली में इजाफा हुआ है।

# समय पर काम नहीं होने को लेकर पार्षदों का गुस्सा फूटा, अधिकारी सकते में

## जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रहे निशाने पर

- पार्षद कपिल नागपाल बोले-मेयर साहब, लाखों रुपये वेतन लेने वाले अधिकारी फिल्ड में नहीं आते जनता गंदे पानी की बोतल लेकर सुबह 5 बजे हमारे घर पहुंच जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम हाउस की मीटिंग में रविवार को पार्षद कड़े तेवरों में नजर आए। जनसुनवाई को महत्व नहीं देने, पार्षदों की शिकायतों पर समय पर काम नहीं करने और काम में लापरवाही बरतने के मामले में पार्षदों ने अधिकारियों को जमकर सुनाई। कई विभागों के अधिकारी पार्षदों के निशाने पर रहे। इस दौरान पार्षदों ने लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए भी मेयर रामअवतार वाल्मीकि के सामने बात रखी। मेयर ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि पार्षदों के कार्यों को समय रहते पूरा किया जाए और उनकी सभी समस्याएं निपटाई जाएं। सबसे ज्यादा शिकायतें जन स्वास्थ्य विभाग की रही।



**रोहतक।** वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल अधिकारियों की शिकायत करते हुए।

### जहां खुदाई की गई, वहां मिट्टी नहीं डाली जाती

वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल ने तो साफ साफ कहा कि तीन माह से जन स्वास्थ्य के अधिकारी उन्हें परेशान कर रहे हैं। वे उनके कार्य नहीं कर रहे। कहीं गंदा पानी आता है तो कहीं पानी ही नहीं आ रहा। इसके बावजूद समस्याओं पर कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने साफ कहा कि मेयर साहब लाखों रुपये सेलरी लेने वाले अधिकारी भी फिल्ड में नहीं आते। जबकि जनता सुबह पांच बजे पार्षदों के मकान पर गंदे पानी की बोतलें लेकर आ जाती है और जवाब मांगती है। कपिल नागपाल ने कहा कि उनके वार्ड में जहां खुदाई की गई, वहां दोबारा मिट्टी नहीं डाली गई जिससे जनता परेशान है।

### सीवर की समस्या की सुनवाई नहीं

इसके अलावा वार्ड 8 की पार्षद अंजू सैनी ने भी जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनके एरिया में सीवर की समस्या है लेकिन सुनवाई नहीं की जा रही। इसके अलावा पार्षद डिंपल जैन ने भी आरोप लगाए कि महाजन पड़ाव की समस्याओं पर विभाग कार्रवाई नहीं कर रहा। गंदे पानी की सप्लाई पर भी अधिकारियों को घेरा गया। पार्षदों ने तो यहां तक कहा कि उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उन्हें भी आंदोलन की राह पर जाना पड़ेगा।

# निगम की मीटिंग में 18 कमेटियों का हुआ गठन

**रोहतक।** नगर निगम की हाउस की बैठक में हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 40 के तहत विभिन्न स्थायी व विशेष समितियों का गठन किया गया। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने हाउस के सामने प्रस्ताव रखकर 18 समितियों को मंजूरी दिलाई। इन समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्य नियुक्त किए गए हैं। हालांकि इसके लिए पहले चुनाव करवाया जाना था। जहां बातचीत में चुनाव कमेटियों के गठन को लेकर सर्वसम्मति बन गई और किसी ने विरोध नहीं जताया।

**मेयर और आयुक्त मीटिंग लेते हुए**



**1. वित्त एवं अनुबंध समिति**
अध्यक्षः रामअवतार वाल्मीकि (मेयर)
सदस्यः डॉ. आनंद शर्मा (आयुक्त), कंचन खुराना (वार्ड 14), सुशील (वार्ड 12)

**2. लेखा एवं लेखा परीक्षा समिति**
अध्यक्षः डिंपल जैन (वार्ड 17)
उपाध्यक्षः ज्योति (वार्ड 3)
सदस्यः कंचन खुराना (वार्ड 14), प्रवीन कौशिक (वार्ड 20), रिंकू (वार्ड 4), बिजेंद्र सिंह (वार्ड 9)

**3. भवन विनियमन समिति**
अध्यक्षः कपिल नागपाल (वार्ड 7)
उपाध्यक्षः अंजू सैनी (वार्ड 8)
सदस्यः प्रवीन कौशिक (वार्ड 20), आशा लता (वार्ड 2), अक्षय कुमार (वार्ड 1), बेबी रानी (वार्ड 18)

**4. जल आपूर्ति, निकासी व निस्तारण समिति**
अध्यक्षः रिंकू (वार्ड 4)
उपाध्यक्षः बेबी रानी (वार्ड 18)
सदस्यः मुक्ता (वार्ड 16), कपिल नागपाल (वार्ड 7), अनीता गर्ग, बिजेंद्र सिंह (वार्ड 9)

**5. कर एवं शुल्क आकलन समिति**
अध्यक्षः मुक्ता नागपाल (वार्ड 16)
उपाध्यक्षः कंचन खुराना (वार्ड 14)
सदस्यः डिंपल जैन (वार्ड 17), अनीता (वार्ड 15), कपिल नागपाल (वार्ड 7), परीक्षित देशवाल (वार्ड 11)

**6. अग्निशमन विस्तार एवं रोकथाम समिति**
अध्यक्षः रमेश बोहर
उपाध्यक्षः कपिल नागपाल (वार्ड 7)
सदस्यः सुरेश चंद (वार्ड 5), नीर भटनागर (वार्ड 6), कृष्णा (वार्ड 13), परीक्षित देशवाल (वार्ड 11)

**7. शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति**
अध्यक्षः नीर भटनागर (वार्ड 6)
उपाध्यक्षः मनीषा (वार्ड 10)
सदस्यः सुरेश चंद (वार्ड 5), सुशील (वार्ड 12), डिंपल जैन (वार्ड 17), मुक्ता नागपाल (वार्ड 16)

**8. योजना सुधार एवं संसाधन समिति**
अध्यक्षः प्रवीन कौशिक (वार्ड 20)
उपाध्यक्षः आशा लता (वार्ड 2)
सदस्यः अनीता (वार्ड 15), अनीता गर्ग, बेबी रानी (वार्ड 18), अंजू सैनी (वार्ड 8)

**9. स्वच्छता एवं जन स्वास्थ्य समिति**
अध्यक्षः आशा लता (वार्ड 2)
उपाध्यक्षः रिंकू (वार्ड 4)
सदस्यः अक्षय कुमार (वार्ड 1), मुक्ता (वार्ड 16), बेबी रानी (वार्ड 18), अंजू सैनी (वार्ड 8)

**10. स्लम विकास समिति**
अध्यक्षः सुरेश चंद (वार्ड 5)
उपाध्यक्षः बिजेंद्र सिंह (वार्ड 9)
सदस्यः मनीषा (वार्ड 10), रिंकू (वार्ड 4), बिजेंद्र सिंह (वार्ड 21), सुमन (वार्ड 22)

**11. बाजार, बूचड़खाना एवं व्यापार समिति**
अध्यक्षः अनीता (वार्ड 15)
उपाध्यक्षः कृष्णा (वार्ड 13)
सदस्यः आशा लता (वार्ड 2), बिजेंद्र सिंह (वार्ड 21), सुशील (वार्ड 12), मुक्ता नागपाल (वार्ड 16)

**12. सतर्कता समिति**
अध्यक्षः अक्षय कुमार (वार्ड 1)
उपाध्यक्षः आशा लता (वार्ड 2)
सदस्यः ज्योति (वार्ड 3), बिजेंद्र सिंह (वार्ड 21), प्रवीन कौशिक (वार्ड 20), बिजेंद्र सिंह (वार्ड 9)

**13. क्रियान्वयन समिति**
अध्यक्षः बिजेंद्र सिंह (वार्ड 21)
उपाध्यक्षः अनीता (वार्ड 15)
सदस्यः कंचन खुराना (वार्ड 14), सुरेश चंद (वार्ड 5), नीर भटनागर (वार्ड 6), अंजू सैनी (वार्ड 8)

**14. सौंदर्यकरण समिति**
अध्यक्षः बेबी रानी (वार्ड 18)
उपाध्यक्षः प्रवीन कौशिक (वार्ड 20)
सदस्यः अशोक वर्मा, सुमन (वार्ड 22), कृष्णा (वार्ड 13), विजय कुमार गोयल (वार्ड 19)

**15. सड़क एवं पुल समिति**
अध्यक्षः अनीता गर्ग
उपाध्यक्षः डिंपल जैन (वार्ड 17)
सदस्यः अशोक वर्मा, नीर भटनागर (वार्ड 6), मनीषा (वार्ड 10), परीक्षित देशवाल (वार्ड 11)

**16. गौ-संरक्षण एवं आवारा पशु समिति**
अध्यक्षः अशोक वर्मा
उपाध्यक्षः अक्षय कुमार (वार्ड 1)
सदस्यः अनीता गर्ग, रमेश बोहर, सुमन (वार्ड 22), विजय कुमार गोयल (वार्ड 19)

**17. ग्रामीण विकास समिति**
अध्यक्षः कृष्णा (वार्ड 13)
उपाध्यक्षः बिजेंद्र सिंह (वार्ड 21)
सदस्यः परीक्षित देशवाल (वार्ड 11), सुमन (वार्ड 22), मनीषा (वार्ड 10), अक्षय कुमार (वार्ड 1)

**18. विज्ञापन, सड़क एवं स्ट्रीट लाइट समिति**
अध्यक्षः अंजू सैनी
उपाध्यक्षः आशा लता (वार्ड 2)
सदस्यः मुक्ता (वार्ड 16), रिंकू (वार्ड 4), बेबी रानी (वार्ड 18), ज्योति (वार्ड 3)

**सम्मान** 1971 के भारत-पाक युद्ध में परमाणु पनडुब्बी को नष्ट कर पाक की रीढ़ तोड़ दी थी

# गाजी किलर कमांडर इंदर सिंह, वीर चक्र के नाम पर रोहतक में चौक का नामकरण, पूर्व सैनिकों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रविवार को पूर्व सैनिकों के लंबे प्रयास और सरकार की मंजूरी के बाद सनसिटी सेक्टर 35-36 और सेक्टर 4-5 के चौक का नामकरण वीरता और साहस के प्रतीक गाजी किलर कमांडर इंदर सिंह, वीर चक्र के नाम पर किया गया। इस अवसर पर चौक पर उनके नाम की पट्टिका का विधिवत अनावरण सैकड़ों पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों की मौजूदगी में किया गया। कमांडर इंदर सिंह ने 1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तान की एकमात्र परमाणु पनडुब्बी 'गाजी' को नष्ट कर पाक नौसेना की रीढ़ तोड़ दी थी। इस अद्वितीय साहसिक कार्य के लिए उन्हें 1972 में भारत के राष्ट्रपति द्वारा वीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनकी इस वीरता ने उन्हें भारतीय नौसेना के इतिहास में 'गाजी किलर' के नाम से अमर कर दिया।



### पूर्व सैनिकों का सपना हुआ साकार

चौक का नामकरण समारोह में कमांडर इंदर सिंह के दामाद वाइस एडमिरल नसीब सिंह नैन, बड़ी बेटी संतोष नैन, हरियाणा पूर्व सैनिक संघ के प्रधान कर्नल आर. एस. मलिक, खजांची रिसलदार मेजर सुखबीर अहलावत, प्रवक्ता कैप्टन जगबीर मलिक, कर्नल राज बुधवार, कैप्टन बलवान अहलावत, सूबेदार ईश्वर सिंह, सूबेदार मेजर सुरेंद्र मलिक, नाती कुलदीप नैन, जिला रोहतक के प्रधान हवलदार शीलक राम लठवाल, धर्मवीर खटकड़, नरेंद्र सिंह, सीपीओ जगत सिंह गिल, अतर सिंह कादयान, वारंट ऑफिसर धर्मवीर दहिया, डॉ. सुरेश नांदल सहित सैकड़ों पूर्व सैनिक और उनके परिवार मौजूद रहे।

### अनावरण के बीच गूंजे देशभक्ति के नारे

पट्टिका का अनावरण संघ के प्रधान कर्नल आर. एस. मलिक और वाइस एडमिरल नसीब सिंह नैन ने कमांडर इंदर सिंह अमर रहें और भारत माता की जय के नारों के बीच किया। इस मौके पर वाइस एडमिरल नसीब सिंह नैन ने कहा, "एक बहादुर सैनिक के नाम पर चौक का नामकरण होना हम सभी पूर्व सैनिकों के लिए गर्व की बात है।

### मिशन के सूत्रधार का संदेश

इस पूरे अभियान के सूत्रधार कैप्टन जगबीर मलिक ने कहा, चौक का नाम कमांडर इंदर सिंह, वीर चक्र के नाम पर होना, हम सभी पूर्व सैनिकों का सम्मान और गौरव है। अनावरण के बाद लड्डू और कचौरियों का प्रसाद बांटकर लोगों ने इस गौरवपूर्ण क्षण का जश्न मनाया। पूर्व सैनिकों ने हरियाणा सरकार और शहरी प्राधिकरण का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि यह कदम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और बलिदान का संदेश देता रहेगा।

# महमः सांसद जांगड़ा की अगुआई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम


भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने रविवार शाम महम महम शहर में तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा भी शामिल हुए। तिरंगा यात्रा सैमाण चुंगी से आरम्भ होकर मेन बाजार होते हुए चौबीसी चबूतरे तक पहुंची। महम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और महम शहर से भाजपा कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस और शहीदे आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर ज्योति प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद जांगड़ा ने कहा की तिरंगा यात्रा राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है। जो पूरे भारत वर्ष में देश प्रेम के प्रति जागृती पैदा करती है। यह हमें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराती है। यात्रा के दौरान हम अपने महान शहीद जवानों को याद करते हैं। यात्रा में जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य महंत डॉ. सतीश दास, भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजीत अहलावत, भाजपा महम मंडल अध्यक्ष अमित जांगड़ा, लाखन माजरा मंडल अध्यक्ष अमित चौहान, मोखरा मंडल अध्यक्ष मुकेश वशिष्ठ, भाजपा मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, सत्यप्रकाश बिसला, एडवोकेट रवि शंकर सोनी, रेखा रोहिला डॉक्टर आनंद शर्मा, ब्लाक समिति चेयरमैन नवनीत राठी, वेदप्रकाश, संदीप, जस्सू नाई, कविता खरकड़ा, नरेश बड़ाभैण, अंग्रेजों देवी, देवेन्द्र कुमार, रणधीर, राजेश शर्मा, सतपाल, जोगिंदर गिरोत्रा, प्रदीप सेन, अशोक गुप्ता, सुखबीर गोयत, जसू राठी, अनिल जांगडा, मंदीप शर्मा और वजीर सैनी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**महम।** शहर में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता।



गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।



सीहोर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।



# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं को एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

## वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

*फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



### स्टार्टअप्स

- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

#### प्रभावशाली संवाद कौशल

- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

#### निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन

- एकाउंटिंग फर्म
- जी एस टी असिस्टेंट
- टैक्स क्लर्क
- जूनियर अकाउंटेंट

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

### कॉरपोरेट सेक्टर

- एम्आई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

#### डिजिटल व ई-कॉमर्स

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

#### बीमा व वित्त संस्थान

- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

#### बीपीओ / केपीओ

- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

### सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

#### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

#### बैंकिंग और बीमा क्षेत्र

- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

#### यूपीएससी सेवाएं

- आईऐएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

#### राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन

- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

#### रक्षा सेवाएं

- लेफ्टिनेंट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

#### डाक विभाग

- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

#### भारतीय रेलवे

- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

### उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीऐआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन** : करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्डूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई0 में
(बी) 1945 ई0 में
(सी) 1955 ई0 में
(डी) 1965 ई0 में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई0 में
(बी) 1875 ई0 में
(सी) 1879 ई0 में
(डी) 1889 ई0 में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

# ध्रुव तारे की तरह अपनी चमक छोड़ गए दिवंगत मास्टर रामधारी खोखर : मंत्री ढांडा

- शिक्षा जगत में अलख जगाने का किया उल्लेखनीय कार्य
- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने जाट हाई स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक रामधारी खोखर की प्रेरणा सभा में पहुंचे

हरिभूमि न्यज ⏭रोहतक

जाट हाई स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक मास्टर रामधारी खोखर की प्रेरणा सभा रविवार को भरत कॉलोनी स्थित आवास पर हुई। इस अवसर पर आर्य समाज पद्धति से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों एवं मास्टर रामधारी खोखर के शिष्यों ने प्रमुख तौर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी प्रेरणा सभा में शिरकत की। मास्टर रामधारी खोखर के साथी शिक्षक रहे 89 वर्षीय संसार सिंह मलिक भी विशेष तौर पर पहुंचे।

गौरतलब है कि मास्टर रामधारी खोखर का 31 जुलाई को निधन हो गया था। वे करीब 92 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1954 में जाट हाई स्कूल में बतौर शिक्षक सेवाएं शुरू की थी। मास्टर रामधारी ने 40 वर्ष तक लगातार स्कूल में सेवाएं दी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का काम किया। उनके शिष्य देश और विदेश में कार्यरत हैं। मास्टर रामधारी, जाट शिक्षण संस्था के सबसे बुजुर्ग आजीवन सदस्य थे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मास्टर रामधारी खोखर को याद करते हुए कहा कि वे ध्रुव तारे की तरह थे, जो अपनी चमक छोड़कर जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में उनका बड़ा नाम रहा। मास्टर रामधारी ने शिक्षा जगत में अलख जगाने का काम किया और अपनी पूरी जवानी कल्याण के लिए लगा दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मास्टर रामधारी के जाने से समाज को बहुत बड़ी हानि हुई है।

वहीं, सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए मास्टर रामधारी खोखर को याद किया।

### राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा ने जाट हाई स्कूल रिटायर्ड शिक्षक मास्टर रामधारी खोखर की प्रेरणा सभा में शिरकत कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने हवन यज्ञ में भी आहुति डाली। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में किए गए मास्टर रामधारी खोखर के कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि उनका शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान रहा है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।




**रोहतक।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ. कुलबीर छिक्कारा मास्टर रामधारी खोखर के निधन पर सम्बोधन करते हुए तथा मास्टर रामधारी खोखर को श्रद्धासुमन अर्पित करते सहकारिता व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, नसीब सिंह गिल, सुनीत मुखर्जी, जितेंद्र सिक्का, राजनारायण पंघाल, महाबीर दहिया, धर्मपाल मलिक, विजेंद्र अहलावत, जगमति सांगवान, अर्जुन अवार्डी रामबीर खोखर, रिटायर्ड प्रिंसिपल सुरेखा खोखर, पूर्व पार्षद जगबीर राठी, डॉ. एसपीएस चुघ, अमित काजल व नवीन जयहिंद मौजूद रहे।

## 700 से ज्यादा लोगों को आवागमन समेत अन्य परेशानी झेलनी पड़ रही

# एकता कॉलोनी की गली का काम महीनों से बंद, बारिश में जलभराव से परेशान लोग

कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस गली को तोड़ने के बाद काम शुरू किया गया था, लेकिन कुछ समय बाद ही इसे रोक दिया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक




वार्ड नंबर 21, एकता कॉलोनी में राजू आटा चक्की वाली गली से दो नंबर गली तक सड़क निर्माण कार्य पिछले कई महीनों से अधूरा पड़ा है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस गली को तोड़ने के बाद काम शुरू किया गया था, लेकिन कुछ समय बाद ही इसे रोक दिया गया। गली में 50 के करीब घर हैं, जिनके लोग लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे हैं।

समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत नगर निगम में विवेक गिल और संबंधित ठेकेदार से की थी। शिकायत के बाद ठेकेदार ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही गली का काम शुरू कर दिया जाएगा।

आश्वासन के बाद कुछ दिनों तक काम चला और शिवरात्रि से पहले गली में सड़क बनाने का सामान भी डाल दिया गया। लेकिन अचानक काम फिर से रोक दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है। गली की हालत बेहद खराब हो चुकी है। बारिश के दिनों में यहां पानी भर जाता है, जिससे निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है। लोग अपने घरों के बाहर भी नहीं बैठ सकते और गाड़ियों को दूर जाकर खड़ा करना पड़ता है। कई बार तो पानी इतना भर जाता है कि पैदल निकलना भी संभव नहीं होता।

### कमिश्नर से करेंगे मुलाकात

कॉलोनीवासियों ने तय किया है कि वे जल्द ही नगर निगम के कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा से मुलाकात कर अपनी समस्या रखेंगे। उनका कहना है कि गली का निर्माण कार्य तुरंत शुरू होना चाहिए, क्योंकि लंबे समय से टूटी सड़क से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। वाहन चालकों को भी रात के समय आने जाने में काफी परेशान होना पड़ता है।

### काम रुकवाने के पीछे राजनीति का आरोप

*जसबीर कुमार ने बताया कि ठेकेदार ने उन्हें कहा कि गली का काम किसी ने रुकवा दिया है और कहा है कि जब तक मैं आदेश न दूं, तब तक यह काम नहीं किया जाए। ठेकेदार के मुताबिक, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि लोग परेशान होकर उस व्यक्ति के पास जाएं, जिसने काम रुकवाया है। इस तरह की बातें सुनकर कॉलोनीवासियों में आक्रोश है और वे इसे राजनीति से जोड़कर देख रहे हैं।*

### मौके पर मौजूद रहे लोग

इस दौरान मौके पर राजू, जसबीर कुमार, लक्ष्मण, गणेश, अशोक, धर्मेंद्र, संजय, प्रमोद, दीपक, श्याम, कला, सुशीला, राखी, पार्वती, अनीता, गुलशन देवी, अशोक सहित अन्य कॉलोनीवासी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जल्द से जल्द गली का निर्माण कार्य पूरा करने की मांग की।

## स्वतंत्रता दिवस सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मॉल, बाजारों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाए

**रोहतक।** पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजारों, मॉल व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष रूप से चेकिंग की जा रही है। बम निरोधक दस्ता प्रभारी निरीक्षक जगबीर के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता व स्वैट टीम को मिलाकर एक विशेष टीम तैयार की गई है। बन निरोधक दस्ता टीम द्वारा राजीव गांधी स्टेडियम, विशाल मेगा मार्ट व अन्य जगह पर गहनता से चेकिंग की गई। सभी प्रभारी थाना, चौकी अपने-अपने एरिया में निरंतर पेट्रोलिंग कर रहे हैं और संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की जांच कर रहे हैं। सभी प्रभारी थाना के नेतृत्व मे कॉम्बिंग व सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। होटल, ढाबे, धर्मशाला, सराये आदि की निरंतर चेकिंग की जा रही है तथा ठहरने हुए प्रत्येक व्यक्ति की गहनता से जांच की जा रही है। एसपी नरेंद्र बिजराणिया ने बताया कि पुलिस द्वारा विशेष रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विशेष जांच टीम निरंतर पुलिस कंट्रोल रूम के संपर्क में रहेगी तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलने पर टीम को तुरंत मौके पर भेजा जाएगा।



**रोहतक।** कॉम्बिंग व सर्चिंग अभियान के दौरान लोगों से जानकारी लेते पुलिस की टीम।

# नांदल में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

- भाजपा आईटी विभाग के जिला प्रमुख विकास पवार के निवास पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया रविवार को रोहतक के गांव नांदल पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी की रीति-नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। भाजपा आईटी विभाग के जिला प्रमुख विकास पंवार के निवास स्थान पर आयोजित इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और जनसंपर्क को तेज़ करने के लिए अपने सुझाव रखे।

सुदेश कटारिया ने कहा कि भाजपा की पहचान सेवा, विकास और जनकल्याण से है। "ग्रामीण अंचल तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।" उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर योजनाओं की जानकारी दें और जनता की समस्याओं का तुरंत समाधान करवाएं।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रमुख पं. लोकेश शर्मा ने कहा कि सुदेश कटारिया का यह दौरा केवल औपचारिक भेंट नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने और संगठन को नई दिशा देने वाला कदम है। जब शीर्ष नेतृत्व गाँव में आकर कार्यकर्ताओं से संवाद करता है, तो इसका असर सीधे बूथ स्तर तक होता है। यह सुनिश्चित करता है कि सरकार की योजनाओं की सही जानकारी समय पर जनता तक पहुंचे। विकास पंवार ने कहा कि नांदल और आस-पास के क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचा रहे हैं और संगठन को और मज़बूत बना रहे हैं। बैठक के अंत में सभी ने सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने और संगठन को मज़बूत करने का संकल्प लिया।

### ये रहे मौजूद

राजेंद्र पंवार, राजपाल पंवार, अंबुज कुमार, आशीष पंवार, तजशु पवार, कुलदीप, बिल्लर खां, प्रदीप, संजीव कुमार, कपूर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



**रोहतक।** सीएमओ कार्यालय के पास भंडारा में प्रसाद वितरित करते टिकाना सती भाई साई दास कलानौर गद्दीनशीन महंत रामसुखदास, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, डॉक्टर करण भूटानी व मीडिया प्रभारी राजीव जैन। फोटो : हरिभूमि

## कलानौर गद्दीनशीन महंत रामसुखदास का जन्म दिन मनाया

**रोहतक।** सती भाई साई दास सेवा दल द्वारा ब्रह्मलीन महंत सतीश दास के आशीर्वाद से टिकाना सती भाई साई दास कलानौर गद्दीनशीन महंत रामसुखदास के पावन जन्म दिन पर सीएमओ कार्यालय के पास पीजीआईएमएस मेडिकल में भंडारा लगाया गया। महंत रामसुखदास, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, डॉक्टर करण भूटानी ने पहुंचकर भंडारा स्थल के शेड का उद्घाटन किया और स्वयं भंडारा प्रसाद वितरित किया। महाराज के साथ कलानौर से गुरु देव रघुनाथ दास गुरु शिवराम दास भी यहां पहुंचे। शहर के विभिन्न गणमान्य एवं सेवक गण पहुंचकर महाराज से केक कटवाकर जन्मदिन मनाया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि आज 1000 से अधिक व्यक्तियों ने यहां भंडारा प्रसाद ग्रहण किया और इस पावन दिवस पर सेवादल की महिला मंडल एवं भक्तों द्वारा गुरु के जन्म दिवस पर केक कटवाकर वितरित किए। मौके पर समाजसेवी सीताराम सचदेवा एमटीएफसी से नरेश ढल, निगम पार्षद दीपक नागपाल, समाजसेवी सतपाल अरोड़ा, टिंचू सचदेवा, सती भाई साई दास सेवा दल प्रधान नरेश आनंद एवं पूरी टीम ने भंडारा वितरण किया।

# वोट के अधिकार के बाद सूचना का अधिकार है सबसे महत्वपूर्ण : सुभाष

- आरटीआई कार्यकर्ता सुभाष 2005 से कर रहे हैं लोगों को जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

आरटीआई कार्यकर्ता सुभाष का कहना है कि देश में वोट देने अधिकार के बाद सूचना का अधिकार महत्वपूर्ण है। वोट के माध्यम से जहां हम अपने प्रतिनिधि को चुन सकते हैं वहीं सरकार ठीक से काम कर रही है या नहीं, इससे जानने के हमें सूचना का अधिकार भी मिला हुआ है। गांव हो या शहर, छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं, गोष्ठियों और सेमिनारों के माध्यम के अलावा सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर आयोजित सेमिनारों और गोष्ठियों के माध्यम से भी लोगों को सूचना अधिकार एवं इसके प्रयोग के बारे में बता रहे हैं। वे एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को आरटीआई की जानकारी के प्रति जागरूक कर रहे थे।

### 2005 से कर रहे जागरूक

सुभाष वर्ष 2005 से सूचना अधिकार कानून के बारे में आम जन को जागरूक कर रहे हैं। प्रदेश भर के सूचना अधिकार से जुड़े कार्यकर्ताओं को एक मंच पर लाने के लिए वर्ष 2007 में हरियाणा सूचना अधिकार मंच का गठन किया। विभिन्न विषयों पर 200 से ज्यादा लेख विभिन्न समाचार पत्रों, पत्रिकाओं में छप चुके हैं। 'उत्पीड़न के शिकार बच्चों' की अनुभव के आधार पर 'सिसकता बचपन' पुस्तिका भी लिखी है। उन्होंने सूचना अधिकार कानून पर साधारण भाषा में सूचना अधिकार कानून कैसे करें-इस्तेमाल और सूचना का अधिकार-एक परिचय पुस्तिकाएं प्रकाशित की, जिसकी करीब 20 हजार प्रतियां लोगों तक पहुंचाई गई। सूचना के अधिकार कानून के बारे में जानकारी देते पर्चे और 10 हजार ब्रोशर भी प्रदेश भर में सूचना अधिकार कानून पर आयोजित सेमिनारों व गोष्ठियों में बंटवा चुके हैं। नवसाक्षरों के लिए 5 पुस्तकें भी लिख चुके हैं।




### जागरूकता के मिले सकारात्मक परिणाम

*सुभाष के अनुसार इस कानून ने गांव और कस्बों तक अपनी पैठ बनाई है। इसके प्रयोग करने वाले की तादाद भले ही कम हो, लेकिन इस कानून के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। सूचना के अधिकार के लिए संघर्ष करने वालों की एक बड़ी जमात तैयार हुई है और उसमें हर रोज बढ़ौतरी हो रही है।*

### जनहित में लगाए 500 से अधिक आवेदन

सुभाष ने बताया कि उन्होंने स्वयं 500 से अधिक जनहित में सूचना आवेदन लगाए हैं। जिनमें मुख्य रूप से हरियाणा के एजुसेट सिस्टम, महिलाओं के लिए शहरों एवं कस्बों में सार्वजनिक शौचालय के सम्बन्ध में, मजदूरों के लिए लेबर सेस तथा उन्हें मिलने वाले लाभों के संदर्भ में, राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा के सम्बन्ध में, ईट-भट्ठों से निकलने वाली राख के सम्बन्ध में, मिलावटी सामान के बारे में, राज्य में साफ पीने के पानी के बारे में, कौशल रोजगार निगम की कार्यप्रणाली बारे, अमृत योजना, बीपीएल के लिए बनने वाले घरों के बारे में आदि ऐसी जानकारियां थी जिस पर सरकार को कार्यवाही करनी पड़ी। इनमें सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के टायलेट, स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की कमी का मुद्दा, कॉलेजों में प्राध्यापकों की कमी, टोल प्लाजा, स्कूलों में लड़कियों के लिए टायलेट की सुविधा आदि शामिल हैं।



## सेक्टर-6 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

**रोहतक।** सेक्टर 6 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की आम बैठक रविवार को राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित हुई। बैठक में लगभग 35 सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य एजेंडा सेक्टर में विकास कार्यों की धीमी प्रगति और लंबित समस्याओं पर चर्चा तथा नई कार्यकारिणी का गठन रहा। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्यों ने की और सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन इस प्रकार किया गया। प्रधान सतबीर हुड्डा चुने गए। जबकि उप प्रधान सुरेंद्र गुलिया एवं विकास सुहाग, सचिव एडवोकेट पवन गुप्ता, सह-सचिव दलबीर सिंह रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष जगबीर हुड्डा, मीडिया प्रभारी अशोक हुड्डा एवं पवन कुमार चुने गए। बैठक में सेक्टर की स्वच्छता, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा व्यवस्था और सामुदायिक सौहार्द जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने तय किया कि विकास कार्यों को गति देने के लिए एसोसिएशन प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करेगी। एसोसिएशन ने सभी सेक्टरवासियों से विकास, स्वच्छता और आपसी एकजुटता के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की है।

# लाखनमाजरा में भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति गीतों और जयघोष से गूंजा माहौल

- मंडल स्तर पर हुआ आयोजन, ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक पहुंची यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में आयोजित की जा रही तिरंगा यात्रा के अंतर्गत, लाखनमाजरा मंडल में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। यह यात्रा मुख्य चौक से प्रारंभ होकर मुख्य गली, लुक्खड़ चौक, बाजार आदि से होते हुए ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक पहुंची। इस दौरान भारत माता की जय और देशभक्ति गीतों से पूरा नगर गूंज उठा। जिला सह मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर नागरिक में देशभक्ति की भावना जगाना है। यह यात्रा देश की एकता और अखंडता का सशक्त संदेश देती है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणिन्द्रनाथ शर्मा ने कहा तिरंगा केवल एक कपड़े का टुकड़ा नहीं, यह हमारे देश की आत्मा, स्वाभिमान और बलिदानों का जीवंत प्रतीक है। इसकी तीनों रंग पट्टियां हमें जीवन के तीन मूल मंत्र देती हैं साहस, शांति और समर्पण। जब यह तिरंगा हवा में लहराता है, तो यह केवल रंगों का नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सपनों, उम्मीदों और संघर्षों का प्रतीक बन जाता है। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस तिरंगे की गरिमा को बनाए रखें और इसकी प्रेरणा से अपने कर्तव्यों का पालन करें। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना नहीं, बल्कि हर दिल में राष्ट्रभक्ति की ऐसी लौ जलाना है जो कभी बुझ न सके। हमें याद रखना चाहिए कि यह तिरंगा हमें हमारे इतिहास, वर्तमान और उज्ज्वल भविष्य से जोड़ता है।

प्रदेश सह मीडिया प्रमुख शमशेर खरक ने कहा यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'हर घर तिरंगा' अभियान और मुख्यमंत्री नायब सैनी के राष्ट्रगौरव संकल्प का हिस्सा है। यह हमारे गौरवशाली इतिहास और बलिदानों की स्मृति को जीवित रखने का प्रयास है। जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा युवा पीढ़ी को आजादी के महत्व से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। जब हर घर में तिरंगा फहराएगा, तब देशभक्ति की भावना और भी गहरी होगी।



**रोहतक।** तिरंगा यात्रा में भाग लेते भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) फणिन्द्रनाथ शर्मा, मीडिया सह प्रमुख शमशेर खरक, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

मीडिया सह प्रमुख शमशेर खरक, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, जिला सह मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा, मंडल प्रभारी एड. अंकित शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमित चौहान, दीपक हुड्डा, डॉ. प्रमोद, सतबीर राठी, जसबीर राठी, रोहताश गिल, अनिल राठी, अजीत सिंह, रविन शर्मा, रमेशर जांगड़ा, विक्रांत ढुल, समीर नागर, संदीप राठी, अनिल भारद्वाज, कुलदीप, बितू नागर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यात्रा के अंत में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ राष्ट्रगौरव और एकता का संकल्प लिया गया

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
हारट्रोन डिप्लोमा सभी सरकारी विभाग व निजी कम्पनियों में मान्य
NCVET Recognised
ADMISSION OPEN
Computer Courses as per Current IT Market
CCTV, Biometric attendance System
Air Conditioner Labs & Theory Rooms
HARTRON COURSES ARE ALIGNED WITH NSQF
PGDCA Level : 5 Postgraduate Diploma In Comp. Application
DCA Level : 4 Diploma In Computer Application
DCAA Level : 4 Diploma In Computer Aided Accounting
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त हैं
Website : www.hartron-rohtak.com

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
RMO 4
ICU STAFF 6
NURSING STAFF 4
PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
COMPUTER OPERATOR 1
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### बेटी के जन्मदिन पर किया कुआं पूजन

**सांपला।** खंड के गांव हसनगढ़ में दो परिवारों ने बेटी के जन्म होने पर सभी के साथ खुशियां मनाई है। रविवार को कुंआ पूजन किया और मंगल गीत गाए। गौतम की पत्नी अंजलि और मंगनेश की पत्नी आरती ने बेटी को जन्म दिया। बेटियों के जन्म होने पर रविवार को दोनों घरों में खुशियां मनाई।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**रोहतक।** एसएनजन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 10 अगस्त को श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, सुभाष नगर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के डॉक्टर्स की टीम द्वारा शिविर में रक्तचाप की जांच, रैंडम ब्लड शुगर, अस्थि घनत्व परीक्षण, हीमोग्लोबिन जांच, छाती का एक्स-रे, ईसीजी, के साथ साथ मरिजो ने चिकित्सको से परामर्श भी किया। कुल 150 लोगों ने शिविर में जांच करवाई। एसोसिएशन के प्रधान जतिन बतरा ने बताया कि निरन्तर स्वास्थ्य जांच करवाना बहुत जरूरी है, एसोसिएशन द्वारा यह पहल लोगों के बीच स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाता है।

### पुलिस ने कसा शिकंजा 15 के चालान किए

**रोहतक।** जिला पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 15 लोगों के चालान किए गए। पुलिस द्वारा आगे भी यह अभियान चलाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर, पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे हरदीप सिंह दून के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नाकाबन्दी कर गहनता से वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान नाकाबन्दी कर वाहनों की जांच की गई। यातायात पुलिस ने 15 चालान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों के किए। पुलिस का मकसद वाहन चालकों में यातायात नियमों का पालना करने की भावना जागृत करना है। ताकि वाहन चालक सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करे। जिससे सड़क पर चलना सुरक्षित हो तथा सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आ सके।

गवर्निंगबाडी के लिए होने वाले त्रैवार्षिक चुनावों के लिए हुआ मतदान

# वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान चुने गए विकास गोयल अनिल बिंदल उप-प्रधान, राधेश्याम महासचिव की कुर्सी संभालेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसायटी की गवर्निंगबाडी के लिए होने वाले त्रैवार्षिक चुनावों के लिए आज निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हुआ। प्रधान पद पर विकास गोयल, उप-प्रधान पद पर अनिल कुमार बिन्दल, महासचिव पद पर राधेश्याम गर्ग सह सचिव पद पर अनिल बंसल तथा कोषाध्यक्ष पद पर पवन कुमार मित्तल खरकियां विजयी घोषित हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल ने बताया कि जिला रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सतीश कुमार आईईओ व राकेश तथा को-निर्वाचन अधिकारी अजित प्रसाद जैन पूरे दिन उपस्थित रहे और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव करवाने पर प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्रशंशा की। निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल ने संस्थान के सभी प्राचार्यो, टीचिंग और नानटीचिंग स्टाफ सदस्यों, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन विशेष तौर पर थाना प्रभारी राकेश सैनी का आभार व्यक्त किया।



**रोहतक।** चुनाव जीतने के बाद प्रधान विकास गोयल, कोषाध्यक्ष पवन कुमार मित्तल खरकियां व उप-प्रधान अनिल कुमार बिन्दल के साथ निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल।



**रोहतक।** वैश्य एजुकेशन सोसायटी की चुनाव के दौरान निरीक्षण करते एसडीएम अशीष कुमार व निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र बंसल।



**रोहतक।** वैश्य शिक्षण संस्था में गवर्निंग बॉडी के सदस्य चुनाव जीतने के बाद खुशी मनाते।

### 44 वोट लेकर प्रधान चुने गए विकास



वैश्य शिक्षण संस्था के प्रधान पद समेत 21 सदस्यीय गवर्निंग बॉडी का चुनाव रविवार को हुआ। इसमें विकास गोयल ने 44 वोट लेकर प्रधान पद पर जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी चंद्र गर्ग को 11 वोटों से हराया। विकास गोयल के पैनल के 5 में से 4 पदाधिकारी भी चुने गए। वैश्य शिक्षण संस्था के करीब 25 हजार आजीवन सदस्यों में से लगभग 17 हजार ने 20 जुलाई को 105 कॉलेजियम के चुनाव में वोट डाला था। इनमें से 19 सदस्य निर्विरोध चुने गए थे, जबकि 86 कॉलेजियम में मुकाबला हुआ। रविवार को शाम को सभी विजेताओं के नाम घोषित किए गए। इसके बाद 16 गवर्निंग बॉडी सदस्य और 5 पदाधिकारियों का चुनाव भी पूरा हुआ।

### उपप्रधान को भी 44 वोट मिले



वैश्य शिक्षण संस्था में प्रधान पद पर विकास गोयल को 44, चंद्र गर्ग को 33, सुभाष चंद गुप्ता को 27 वोट मिले, जबकि एक वोट रद्द किया गया। उपप्रधान पद पर अनिल कुमार बिंदल को 44, राधेश्याम गुप्ता पानीपत वाले को 25 और विजय कुमार तायल को 36 वोट मिले। जनरल सेक्रेटरी पद पर राधेश्याम गर्ग को 40, नितिन तायल को 32, रितेश ऐरण को 32 व एक वोट रद्द किया गया। इसके साथ ही ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर अनिल बंसल को 45, अरुण कुमार को 32 व नरेश कुमार को 26 वोट मिले, जबकि दो वोट रद्द किए गए। कोषाध्यक्ष के लिए पवन कुमार मित्तल को 50, राजीव कुमार व विजय कुमार को 27-27 वोट मिले। जबकि एक वोट रद्द किया गया। जीत के बाद विजेता उम्मीदवार जश्न मनाते हुए नजर आए।

### विजेताओं को कल दिए जाएंगे प्रमाण पत्र

वैश्य शिक्षण संस्था में नवनिर्वाचित गवर्निंग बॉडी व पदाधिकारियों को 12 जुलाई यानि मंगलवार को विजयी होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इसके लिए चुनाव कार्यालय में एक बजे का समय रखा गया है। चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ ही ढोल बजाते हुए विजेताओं का स्वागत किया गया।

**गवर्निंग बॉडी के लिए 31 उम्मीदवार मैदान में रहे**

वैश्य शिक्षण संस्था में गवर्निंग बॉडी के 16 सदस्यों के चुनाव के लिए 31 सदस्यों ने नामांकन दाखिल कर रखा था। इनमें से 16 सदस्यों को विजेता घोषित किया गया, जिसमें अधिकतम 7 वोट मिले ओर किसी को जीरो वोट भी मिले हैं।

**पूरी चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई**

चुनाव अधिकारी राजेंद्र बंसल ने बताया कि प्रधान पद सहित गवर्निंग बॉडी के चुनाव की वीडियोग्राफी करवाई गई, ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी ना हो। चुनाव प्रक्रिया पूरे पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाया गया है। चुनाव से पहले कई प्रकार के आरोप लगाए गए थे, लेकिन चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से हुए हैं। जिला प्रशासन की तरफ से चुनाव के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया था।

### चैरिटेबल ट्रस्ट ने बाल संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया



**रोहतक।** माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नए भवन में बाल संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया मुख्य अतिथि नरेश जैन व गोविन्द राम सिंघल रहे। ओमप्रकाश विरमानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की और अपने भजनों के द्वारा सबको मंत्र मुग्ध कर दिया।

आज के कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी का महोत्सव भी मनाया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन हरि प्रकाश गुप्ता ने बच्चों को संदेश दिया कि हमें अपने माता-पिता एवं ट्रस्ट का नाम रोशन करना है। हमें अपना कार्य स्वयं करना चाहिए। हमें अपने ट्रस्ट को नहीं भूलना है। हमारे जीवन में एक भी बुराई नहीं आनी चाहिए अगर हमारे अंदर किसी बुराई ने जन्म लिया तो हमारा पूरा जीवन नष्ट हो जाएगा। हमें सदा अनुशासन में रहना चाहिए। हमें अपना जीवन सुंदर बनाना है कि हम जहां भी जाएं वहां महक हो जाए।

बाल संस्कार के कार्यक्रम में पवन गोयल, संजय चावला, वेद प्रकाश साहनी, गोविन्द राम सिंघल, कविता जांगड़ा, अजेश गुप्ता, ओमप्रकाश विरमानी उपस्थित थे।

## विद्यालय की बास्केटबॉल टीम का शानदार प्रदर्शन, प्रांतीय स्तर पर प्रथम स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के खेल इतिहास में एक ओर स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। हाल ही में आयोजित प्रांतीय खेल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग की बास्केटबॉल टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और टीम भावना का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल में अंडर-19 बालक वर्ग की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक प्राप्त किया। स्केटिंग में अंडर-14 बालिका वर्ग की खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीता।



प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, सटीक पासिंग, तेज़ आक्रमण व सशक्त रक्षा का प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में टीम ने प्रतिद्वंद्वी पर निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की। इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास को जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों ने न केवल उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया है, बल्कि अनुशासन, लगन और टीम भावना का भी अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। हमें विश्वास है कि क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी वे इसी उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेकर विद्यालय को गौरवान्वित करेंगे।

विद्यालय के खेल प्रमुख नमित दहिया ने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के अथक परिश्रम, नियमित अभ्यास और मजबूत टीम रणनीति का परिणाम है। हमारे कोच व खिलाड़ियों ने हर चुनौती का डटकर सामना किया और जीत का यह सुनहरा क्षण विद्यालय को समर्पित किया। हम आशा करते हैं कि आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भी हमारी टीम इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने खिलाड़ियों को उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## गुरु तेग बहादुर महाराज के 350 साला शहीदी शताब्दी पर लगाया शिविर

**रोहतक।** हिंद की चादर, शहीदों के सिरताज 9वें गुरु तेग बहादुर महाराज के 350 साला शहीदी शताब्दी के अवसर पर बाबा बंदा सिंह बहादुर चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं डायलिसिस सेंटर डीएलएफ कॉलोनी चौक पर खुराना आई सेंटर और वी केयर हॉस्पिटल रोहतक की तरफ आंख, नाक , कान, गला, डेंटल,और किडनी के रोगियों की मुफ्त जांच करने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ एस पी एस भाटिया, डॉ अरुज खुराना तथा डॉ धर्मबीर ने अपनी टीम के साथ 193 लोगों की आंखों



की जांच की, 24 में मोतियाबिंद पाया गया।

डॉ. भूषण कथूरिया तथा डॉ भारत भूषण ईएनटी विशेषज्ञ ने अपनी टीम के साथ 62 लोगों की जांच की, 12 लोगों के कानों की सफाई इलेक्ट्रॉनिक मशीन से की गई। डॉ रोहित अरोड़ा मेडिसिन विशेषज्ञ ने 32 लोगों की जांच की। डॉ रमनीक भाटिया दंत चिकित्सक ने 28 लोगों के दांतों की जांच की, 9 के दांतों का एकसरे निशुल्क किया गया। दवाइया,चश्मे, बी पी, शुगर चैकअप की सुविधाएं निशुल्क प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर परम पूजनिय बाबा जितेंद्र पाल सिंह सोढ़ी की प्रेरणा तथा अतिथिगण पूर्व राज्य सभा सांसद शादी लाल बत्रा , हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन कथूरिया, समाज सेवी एवं भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर के सहयोग से संभव हुआ। इस मौके पर बाबा बंदा बहादुर सेवा समिति के सभी सेवादार, प्रेम पाल ढिंगरा डिस्पेंसरी इंचार्ज, डॉ. मदन मेहता मौजूद रहे।

## संतोष कैंसर फाउंडेशन का स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों को लाभ

**रोहतक।** संतोष कैंसर फाउंडेशन और वी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में बाबा बन्दा सिंह बहादुर चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं डायलिसिस सेंटर, डीएलएफ कॉलोनी चौक में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चले इस शिविर में सैकड़ों मरीजों ने आंख, कान, नाक, गला, दांत, किडनी, कैंसर, बाल चिकित्सा हेमेटो-ऑन्कोलॉजी, जनरल मेडिसिन, दर्द प्रबंधन और सामान्य सर्जरी से संबंधित जांच एवं परामर्श सेवाओं का निःशुल्क लाभ उठाया। मरीजों को मौके पर ही आवश्यक दवाएं और स्वास्थ्य मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

मरीजों की सेवा में लगी विशेषज्ञ टीम में डॉ.




विकास कक्कड़, डॉ. भूषण कथूरिया, डॉ. एस.पी.एस. भाटिया, डॉ. हिमानी ढींगरा, डॉ. रोहित अरोड़ा, डॉ. शैलेन्द्र बामल, डॉ. भारत भूषण, डॉ. रमनीक भाटिया और डॉ. अर्जुन खुराना शामिल रहे। सभी चिकित्सकों ने मरीजों को समय पर जांच, रोग की प्रारंभिक पहचान और सही उपचार के महत्व के बारे में भी जागरूक किया।

डॉ. भूषण कथूरिया ने बताया कि संतोष कैंसर फाउंडेशन लंबे समय से और लगातार ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर रहा है, जिनका उद्देश्य जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना और लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी फाउंडेशन द्वारा ऐसे और शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि हर वर्ग के लोग समय पर और बेहतर इलाज प्राप्त कर सकें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

एमडीयू के स्वराज सदन प्रांगण से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ

# हरियाणा की बेटियां करेंगी तिरंगा यात्रा का नेतृत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा से कश्मीर तक राष्ट्रभक्ति का संदेश फैलाने वाली तिरंगा यात्रा 2025 का रविवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के स्वराज सदन प्रांगण से भव्य शुभारंभ हुआ। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसका नेतृत्व प्रदेश की बेटियां कर रही हैं। इस कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यह तिरंगा यात्रा कार्यक्रम एमडीयू और मीडिया स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं, विशेषकर बेटियों के माध्यम से देश में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक गौरव और देशभक्ति का संदेश फैलाना है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा




**रोहतक।** यात्रा को रवाना करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा।

### एमडीयू राष्ट्रहित में पहल करता आया है : वीसी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि एमडीयू सदैव राष्ट्रहित में सकारात्मक पहल करता आया है। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा में भाग लेने वाले विद्यार्थी और स्वयंसेवक केवल देशभक्ति का संदेश ही नहीं, बल्कि शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का भी प्रचार-प्रसार करेंगे। नरेंद्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया और तिरंगा यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अतुल मोहन शर्मा ने कार्यक्रम समन्वयन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने प्रतिभागी छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

### देशभक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान

देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। बेटियों के हाथों में लहराते तिरंगे और चेहरों पर गर्व की चमक ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एससी मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डिप्टी डीन प्रो. सोनू, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, निदेशक जनसंपर्क प्रो. आशीष दहिया समेत एमडीयू के अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी, मीडिया स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर, हरियाणा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी अस्मिता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। जब इसे बेटियां लेकर निकलती हैं, तो यह महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम बन जाता है। उन्होंने कहा कि हर युवा का कर्तव्य है कि वह देश की एकता और अखंडता के लिए योगदान दे।विशिष्ट अतिथि मनीष ग्रोवर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियां आज सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। यह यात्रा उनकी देशभक्ति और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान मिलने वाले हर नागरिक को तिरंगे का महत्व समझाएं और देशभक्ति का संदेश दें।

### प्रतिबंधित जमीन श्री प्राचीन लोकल रामलीला सोसाइटी को सौंपी

**रोहतक।** श्री प्राचीन लोकल रामलीला सोसाइटी की बैठक प्रधान मोहन लाल बंसल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित की गई जमीन को मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल द्वारा श्री प्राचीन लोकल रामलीला सोसाइटी को सुपुर्द करने को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए 36 बिरादरी के आजीवन 5140 सदस्यों ने सरकार का आभार व्यक्त किया। प्रधान मोहन लाल बंसल ने बताया कि रामलीला सोसाइटी की ओर से इस धरोहर का सदुपयोग करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम प्रत्येक वर्ष भांति इस वर्ष भी 2 अक्टूबर को दशहरा का आयोजन बड़ी धूम धाम से मनाया जागा। मीटिंग में सोसाइटी के पदाधिकारी वं कॉलेजियम सदस्य बिजेन्द्र कुमार जैन, चौधरी जिले सिंह, राकेश गोयल, पंकज कुमार गुप्ता, नितिन कुमार बंसल, रमेश कुमार बुचि, सुरेश कुमार मित्तल, विपिन गोयल, अनिल बंसल, रमेश कुमार गुप्ता, आशुतोष गुप्ता , मनीष बंसल, अंकित बंसल, नरेश जैन, अजय गुप्ता, संदीप कुमार गर्ग, पवन मित्तल खरकिया, नरेन्द्र कुमार गोयल, बुधराम मौजूद रहे।